# चित्रकला
# PAINTING
# (225)
## शिक्षक अंकित मूल्यांकन पत्र
## TUTOR MARKED ASSIGNMENT

कुल अंक : 20

Max. Marks : 20

***टिप्पणी:*** *(i)* *सभी प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।*

***Note:*** *All questions are compulsory. The marks allotted for each question are given at same place.*

*(ii)* *उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर ऊपर की ओर अपना नाम, अनुक्रमांक, अध्ययन केन्द्र का नाम और विषय स्पष्ट शब्दों में लिखिए।*

*Write your name, enrolment number, AI name and subject on the top of the first page of the answer sheet.*

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए। 2

Answer any one out of the following questions in about 40 to 60 words.

(a) हड़प्पा काल की **'नर्तकी'** की मूर्ति को ध्यान से देखें। नर्तकी द्वारा पहने आभूषण, बालों की बनावट और उसकी मुद्रा का ध्यानपूर्वक अवलोकन करें। अब आप A4 आकार की शीट पर राजस्थानी वेश-भूषा (लहंगा-चोली) में एक **नर्तकी** जैसी आकृति बनाएं। उसे आभूषणों से सुसज्जित करें। चमकदार रंगों का प्रयोग करें। **नर्तकी** की बनावट और साज-सज्जा तथा आधुनिक राजस्थानी महिलाओं के वेश-विन्यास की समानता के बारे में कुछ पंक्तियां लिखें।

Observe the Dancing Girl statue of Harrappan period. Notice carefully the posture, hairstyle, jewellery that the girl is wearing. Now in an A4 size sheet, make a similar figure in Rajasthani attire (Lehenga-choli). Adorn the figure with jewellary. Colour it with bright colour and paste it in a suitable background. Write about the similarity of the Dancing Girl style and attire with modern day Rajasthani women.

(b) पल्लव वंशीय स्मारकों में गुफाओं के मंदिर और मंदिरों की इमारतें शामिल हैं। **मल्लपुरम** में प्राप्त **'अर्जुन का चिंतन'** के रूप में शिला खंडों में उभरी हुई भू-आकृति एक महत्वपूर्ण नमूने का उदाहरण है। इसकी प्रस्तुति और संयोजन का अध्ययन करें। मानव और पशु आकृतियों को लेकर अपनी कल्पना के अनुसार आप भी एक उसी प्रकार की प्रस्तुति का संयोजन करें।

इस प्रसिद्ध **'अर्जुन का चिंतन'** की भू-आकृति के बारे में कुछ पंक्तियां लिखें।

The monuments of the Pallavas consit of cave temples and structural temples. **Mamallapuram** relief boulder depiciting **'Arjuna's Penance'** is one of its famous example. Study its compsotion. Make a similar composition using your own version of human and animal figures.

Write a few lines about this famous relief **"Arjuna's Penance"**.

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 40 से 60 शब्दों में दीजिए। 2

Answer any one out of the following questions in about 40 to 60 words.

(a) जैन धर्म की विधियों की पुस्तक **'कल्पसूत्र'** से किसी एक पेंटिंग के बारे में सोचें। इस पेंटिंग का संयोजन कुछ चतुर्भुजाकार और त्रिभुजाकार भागों में विभक्त किया गया है। प्रत्येक प्रभाग एक अलग कहानी को व्यक्त करता है। इस पेंटिंग में प्रयोग किए गए रंगों एवं स्वरूपों के बारे में कुछ पंक्तियां लिखें।

इसी प्रकार की विभिन्न प्रभागों में अभिव्यक्त की गई किसी कहानी या उसके किसी अंश वाली एक पेंटिंग बनाएं।

Consider a painting from **"Kalpasutra"**, a Jain book of Rituals. The composition of this painting is devided into few squares and rectangles. Each segment narrates different sequence of a stroy. Write a few lines about the colours and forms in this painting.

Make a painting in divisions like this depicting a story or a part of story.

(b) भारत की लोककला की विभिन्न **कर्मकांडी / आनुष्ठानिक, उपयोगितावादी** और **वैयक्तिक,** शैलियों के बारे में कुछ पंक्तियां लिखिए। **'कोलम'** लोककला के बारे में बीस शब्दों में बताएं। अपने घर की फर्श पर **'कोलम'** की सजावट करें।

Write few lines about the different **ritualitic, utilitarian** and **individualstic** folk art styles of India. Write at least 20 words about **Kolam**. Try to prepare a **Kolam** on the floor of your home.

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 40 से 60 शब्दों में दीजिए। 2

Answer any one out of the following questions in about 40 to 60 words.

(a) अपने पड़ोस के पुस्तकालय / पुस्तक भंडार पर जाएं और **'लूनार्दो द विंची'** द्वारा बनाए चित्र **'मोनालीसा'** तथा **रवीन्द्रनाथ टैगार** द्वारा बनाए गए चित्र **'वुमेन फेस'** का अध्ययन करें और अपने चित्रण में अपनाए गए दृष्टिकोण पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखें। एक महिला के मुख की आकृति **दा विंसी** या टैगोर की शैली में बनाएं।

Visit your nearby library / book stall and study the painting of **'Monalisa'** by **Leonardo da Vinci** and **'Woman Face'** painted by **Rabindranath Tagore**. Compare them and write short note an the stylistic approach by both the master painters.

Draw a face of a woman either in the style of **Da Vinci** or **Tagore.**

(b) विंसेंट वान गॉग द्वारा बनाई गई पेंटिंग 'स्टारी नाइट' का अवलोकन करें। इस पेंटिंग की तकनीक का अध्ययन करें अपने पड़ोस में किसी स्थान पर रात्रि में आकाश का अवलोकन करें और वॉन गॉग की शैली का अनुसरण करते हुए एक चित्र बनाएँ।

Observe the painting **"Starry Night"** by **Vincent Van Gogh**. Study the technique of painting. Now select any compositino on night sky near your vicinity and make a picture following the style of **Van Gogh.**

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 100 से 150 शब्दों में दीजिए। 4

Answer any one of out of the following questions in about 100 to 150 words.

(a) **प्रभाववाद** और **उत्तर प्रभाववाद** के बारे में लिखिए। दो पेंटिंग बनाएं जो इन दो कला शैलियों के मध्य अंतर को स्पष्ट कर सकें।

Write about **impressionism** and **post impressionism**. Make two paintings which can justify the difference of these two diferent schools.

(b) **पब्लो पिकासो** की शैली के बारे में कुछ पंक्तियां लिखिए। उनके जीवन की तीन महत्वपूर्ण काल अवधियों के बारे में बताएं तथा उन रंगों के महत्व के बारे में भी बताएं।

एक चित्र बनाएं और **पिकासो** की शैली में विभिन्न आकारों को स्वरूप देते हुए **मैन विद वायलन** पेंटिंग की तरह उसे पेंट करें। आप ज्यामितीय जैसे गोलाकार, त्रिभुजाकार, चतुर्भजाकार स्वरूप देते हुए पेंटिंग बना सकते हैं।

Write few lines about the style of **Pablo Picasso**. Mentain the three important periods of his life and the significance of colours in it.

Make a picture and then break it and paint it in **Picasso's** style like he painted the **Man with Violin** (you can make the painting by using geometric shapes like, circles, triangles, squares).

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 100 से 150 शब्दों में दीजिए। 4

Answer any one out of the following questions in about 100 to 150 words.

(a) (i) कप-प्लेट, कटोरा, टी-पॉट और चम्मच जैसे कुछ बर्तनों को करीने से रखिए।

(ii) पार्श्व में एक काले कपड़े का प्रयोग करें।

(iii) अपने ड्राईंग में वस्तुओं को सही अनुपात में रखें।

(iv) जल रंगों का प्रयोग करें।

(v) नीले अथवा काले रंग में पेंट करें।

(i) Arrange few utencils like cup plate, bowel, tea pot and spoon.

(ii) Use a black drapery at the background.

(iii) Keep the proportion of the objects in your drawing.

(iv) Use water colours.

(v) Try to paint in only blue or black colour.

(b) **अमृता शेरगिल** की पेंटिंग **'दि ब्रह्मचारीज'** के संयोजन को नारी आकृतियों के साथ बदलें। संयोजन को पोस्टर रंगों से पेंट करें और काले पेस्टल पेपर कर पेंटिंग को पेस्ट करें। **अमृता शेरगिल** की शैली जिससे आप अत्यधिक प्रभावित हुए हों, उसके बारे में लिखें।

Replace the composition of **Amrita Shergil** - The **Brahmacharies** with female figures. Paint the composition with poster colour and paste the painting on black pasted paper. Write about the style of **Amrita Shergil** that impressies you the most.

6. नीचे दी गई परियोजनाओं की सूची में से कोई एक परियोजना तैयार कीजिए। 6

Prepare any one Project out of given below:

(a) अपनी पाठ्यपुस्तक में **कृष्णा रेड्डी** के पेंटिंग कार्य का अवलोकन करें। विभिन्न सामग्री जैसे सब्जियां (आलू, भिंडी आदि), कट आउट, रफ कपड़ों की सामग्री जैसे जूट, हाथ छपाई, उंगलियों की छपाई आदि का प्रयोग कर विभिन्न छपाई के कार्य करें

Observe the work of Krishna Reddy in your textbook. Make different prints by using different materials like vegetables, cut out, rough cloth material like Jute, hand print, finger print (impression of painted hand or finger etc.)

(b) क्या आप कैलीग्राफी और रूप-स्वरूपों को एक पेंटिंग में मिला सकते हैं? यह कला का एक बड़ा दर्शनीय कार्य हो सकता है यदि आप किसी भी भाषा के अक्षरों का अपने संयोजन में प्रयोग करते हैं। तब आप ड्राईंग के साथ अक्षरों को सुसज्जित करें। आप अपनी पाठ्यपुस्तक में **पणिकर** के कार्य का अवलोकन कर सकते हैं।

Can you combine calligraphy and forms in one painting? It can be very interesting work of art if you combine letters (any language) and make a composition using different letters or even quotes. Then adorn the letters or quotes with drawings. You can refer to the work of **Panniker** as in your textbook.